दिनांक-21.06.26 **समय- 02.10पीएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योग किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा ..

कार्यक्रम मेंमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी योग की विभिन्न मुद्राओं तथा प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रदेश के सभी जिलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के कार्यक्रम हुए। जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर ने भ्रामरी प्राणायाम में नया रिकॉर्ड बनाया। इधर, राजधानी भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की विशेष व्यवस्थाएं कीं। ग्वालियर में सामूहिक योग कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री - नौसेना प्लेटफॉर्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में स्वदेश निर्मित भारतीय नौसेना के तीन पोत - आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई नीतिगत सुधार किए हैं और घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ...

नीट परीक्षा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि आज आयोजित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा में देशभर के 22 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं और अभ्यर्थी बिना किसी भय के परीक्षा दें।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2026 में आज प्रदेश के लगभग एक लाख 18 हजार अभ्यर्थी 30 जिलों के 283 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, कैमरा, बेल्ट, आभूषण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए इस बार प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रखी गई है। प्रश्नपत्र एयरफोर्स के विशेष विमान से भोपाल पहुंचाए गए हैं। एनटीए ने इस बार परीक्षा में तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पेपर लीक या अफवाहों को रोकने के लिए राज्य साइबर मुख्यालय में विशेष निगरानी व्यवस्था बनाई गई है।

मौसम

प्रदेश में मानसून की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। मौसम विभाग ने इसके 25 जून तक प्रवेश करने की संभावना जताई है। प्रदेश में प्री-मानसूनी गतिविधियां जारी हैं। विभाग के अनुसार आज इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित 37 जिलों में आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट है। कई क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज ग्राम पंचायत खोड में खाद्यान्न वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन के संचालन और खाद्यान्न की गुणवत्ता की सघन जांच की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला में, भारत-ए और मेजबान श्रीलंका-ए के बीच फाइनल मुकाबला जारी है। मैच दांबुला स्टेडियम में खेला जा रहा है।

....